## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईटीआई रायगढ़ में विभिन्न ट्रेड में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में सत्र 2021 में विभिन्न व्यवसायों विद्युतकार, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, मशीनिष्ट, वायरमेन, वेल्डर, मोल्डर, कारपेन्टर, सेक्रेटियल प्रेक्टिस, फिजियोथेरेपी, आरएसी, शीटमेटल, ड्राइवर कम मैकेनिक में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी संचालनालय के वेब पोर्टल cgiti.cgstate.gov.in में जाकर प्रवेश हेतु अपना ऑनलाईन आवेदन 8 अगस्त 2021 तक जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में उपस्थित होकर संपर्क कर सकते है।

### राज्य खेल पुरस्कार के लिए 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** राज्य खेल पुरस्कार अलंकरण हेतु शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, नगद राशि खेलवृत्ति (डाइट मनी)एवं प्रेरणानिधि हेतु पात्रता रखने वाले खिलाड़ियों से 7 अगस्त 2021 तक आवेदन मंगाये गये थे। उक्त तिथि में बढ़ोतरी करते हुये अब 10 अगस्त 2021 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। खिलाड़ी को वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 हेतु पृथक-पृथक वर्षो के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप मय विज्ञापन विभाग की वेबसाईट www.sportsyw.cg.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

### आंतरिक शिकायत समिति का गठन

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में कलेक्टर कार्यालय राजस्व स्थापना अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया था। जिनका कार्यकाल 3 वर्ष का था जो 6 अगस्त 2021 को समाप्त होने के फलस्वरूप पुनः आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। समिति में संयुक्त कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैंकरा को अध्यक्ष बनाया गया है तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, सहायक ग्रेड-2 श्रीमती जानकी यादव, स्टेनो टायपिस्ट श्रीमती वंदना झरिया एवं जनामित्रम कल्याण समिति की श्रीमती ऋतु शर्मा सिह को सदस्य बनाया गया है। समिति का कार्यकाल 3 वर्ष के लिए होगा। अधिनियम के तहत आंतरिक शिकायत समिति को सुनवाई व आदेश का अधिकार होगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 16 अगस्त तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़ ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र नयागंज बी वार्ड क्रमांक 20, आंगनबाड़ी केन्द्र बंगालीपारा वार्ड 16 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए एवं आंगनबाड़ी केन्द्र नयागंज वार्ड क्रमांक 20, आंगनबाड़ी केन्द्र बजरंगपारा वार्ड क्रमांक 14, आंगनबाड़ी केन्द्र खालपारा वार्ड क्रमांक 3 तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मधुबन पारा वार्ड क्रमांक 9 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए जारी प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक के आधार पर 5 से 16 अगस्त 2021 सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति हेतु आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना में जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# धरमजयगढ़ के कोदवरी पारा में हुए अंधे कत्ल शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**» उधारी लेन देन की बात को लेकर वारदात को दिए थे घटना को अंजाम**



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ अंतर्गत कोदवरी पारा निवासी 42 वर्षीय दुर्गा सिंह की हत्या की जांच कर रही धरमजयगढ़ पुलिस को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में सफलता हाथ लगी है। हत्या में शामिल एक आरोपी मृतक का चचेरा भाई है तथा दूसरा आरोपी का उसका साथी दोनों उधारी लेन-देन की बात को लेकर दुर्गा सिंह की गला दबाकर हत्या किये थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार थाना धर्मजयगढ़ के मर्ग क्रमांक 71/202 धारा 174 सीआरपीसी का सूचनाकर्ता मृतक का चचेरा भाई ढीना उर्फ गौतम सिंह ठाकुर है। गौतम सिंह दिनांक 09/07/2021 को थाना धर्मजयगढ़ में मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया कि इसके चचेरा भाई दुर्गा सिंह का तबीयत खराब होने पर डॉक्टर से इंजेक्शन लगाए थे जिसके बाद मुंह से झाग निकलना शुरू हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। धर्मजयगढ़ पुलिस द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया जिसमें डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु गला घोंट कर हत्या करने से होना बताएं। मर्ग जांच, पीएम रिपोर्ट पर दिनांक 19/07/2021 को थाना धर्मजयगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 167/2021 धारा 302 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के क्रम में लगातार मृतक के वारिसानों एवं आस-पड़ोस के लोगों तथा मृतक के साथियों से पूछताछ की जा रही थी। धरमजयगढ़ पुलिस वारदात में हर पहलुओं से जांच कर रही थी, इसी बीच गवाहों से पूछताछ में पुलिस को कुछ अहम सुराग लगे जिस आधार पर संदेही ढीना उर्फ गौतम सिंह ठाकुर एवं टुन्नू राम चौहान को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया। संदेही ढीना उर्फ गौतम सिंह ठाकुर बताया कि मृतक दुर्गा सिंह उसके चाचा का लड़का है जो कोदवरी पारा में अपने भाई गंगा सिंह ठाकुर के साथ रहता था। दुर्गा के साथ खाना पीना और उसके घर आना जाना था। गौतम ठाकुर बताया कि 4-5 महीना पहले चचेरे भाई दुर्गा सिंह से ?40,000 उधार लिया था। दिनांक 09/07/2021 के सुबह दुर्गा का बड़ा भाई फोन कर बताया कि दुर्गा की तबीयत ठीक नहीं है। टून्नू राम चौहान के साथ दुर्गा को देखने उसके घर गया। दुर्गा खाट पर सोया था, हाल चाल पूछने के बाद दुर्गा सिंह अपने उधारी रुपयों की मांग किया। तब बाद में रुपए लौटा दूंगा, अभी नहीं है बोला। तो दुर्गा हर बार यही बोलते हो कहकर गाली गलौज करने लगा जिस पर आज किस्सा खत्म कर देते हैं कहकर टून्नू राम चौहान के साथ उसका गाला रस्सी से दबाकर हत्या कर दिये। दुर्गा सिंह के मुंह से झाग निकलने लगा बाद में हत्या को स्वाभाविक मौत बताने के उद्देश्य से थाना धर्मजयगढ़ में झूठी मर्ग रिपोर्ट दर्ज कराये। धर्मजयगढ़ पुलिस आरोपी ढीना उर्फ गौतम सिंह ठाकुर पिता रमेश सिंह ठाकुर उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 तुकर्पारा धरमजयगढ़ एवं टुन्नू राम चौहान पिता दर्शन चौहान उम्र 40 साल निवासी कोदवरी पारा थाना धर्मजयगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## सीख कार्यक्रम का विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

**रायगढ़ ।** जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य के निर्देशन एवं डीएमसी रमेश देवांगन के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड रायगढ़ की प्राथमिक शालाओं में सीख कार्यक्रम के संचालन हेतु विकासखंड के समस्त संकुल केन्द्र के संकुल शैक्षिक समन्वयकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित की गई। सीख कार्यक्रम के जिला प्रतिनिधि प्रशांत कुमार प्रधान ने समस्त उपस्थित सीऐसी को आगामी दिवसों में सीख कार्यक्रम हेतु किस प्रकार से कार्य योजना का निर्धारण किया जाना है के संबंध में विस्तृत रूप से पावर पॉइंट के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ सी.के.घृतलहरे, विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल ने भी उपस्थित रहकर विभागीय योजनाओं के संबंध में चर्चा की एवं विभागीय जानकारियां संकलित की। उपस्थित सीएसई को आगामी 5 अगस्त एवं 7 अगस्त को टीकाकरण महा अभियान के संबंध में समस्त छूटे हुए लाभार्थियों को टीका लगाने हेतु शिक्षकों द्वारा सघन जागरूकता अभियान चलाने एवं 7 तारीख तक शत-प्रतिशत गांव में टीकाकरण पूर्ण करने हेतु आवश्यक रणनीति का निर्धारण करने के निर्देश दिए गये। समावेशी शिक्षा प्रभारी बीआरपी श्रीमती शांति ठाकुर के द्वारा दिव्यांग बच्चों के यू डाइस में एंट्री के संबंध में एवं उनके स्पेशल शिक्षा के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में आज के इस मुख्य कारण कार्यक्रम का फीडबैक लेकर शालाओं में इस कार्यक्रम के सफल संचालन की आशा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## रायगढ़ स्टेडियम के लिए मिले 25 लाख, खेल प्रतिभाओं को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

**» खेल मंत्री उमेश पटेल ने प्रदान की स्वीकृति**

**» वाक ट्रेक पर नाईट लाइटिंग की होगी व्यवस्था**

**रायगढ़ ।** खेल मंत्री उमेश पटेल के निर्देश पर रायगढ़ स्टेडियम में विभिन्न खेलों का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के साथ यहां वाकिंग व जॉगिंग करने वाले शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसमें प्रथम चरण के कार्यो के लिए 25 लाख 93 हजार की राशि स्वीकृत की गयी है। जिसका आबंटन प्राप्त हो चुका है। इस राशि से स्टेडियम में अधोसंरचनात्मक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

खेल मंत्री उमेश पटेल के निर्देशन में रायगढ़ स्टेडियम में रख-रखाव के साथ-साथ खेल गतिविधियों की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने 25 लाख 93 हजार रुपये का आबंटन प्राप्त हुआ है। जिसमें रायगढ़ स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए प्रथम स्तरीय विभिन्न कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है। जिसके अंतर्गत बाउन्ड्री वाल, पेटिंग, गेट, मैदान के जाली, रंगरोगन आदि के लिए 3 लाख 20 हजार रुपये, महिला एवं पुरूष शौचालय के लिए 4-4 लाख रुपये, वॉटर ड्रेनेट सिस्टम एवं कवर के लिये 01 लाख 85 हजार रुपये, स्टेडियम में सेप्टिक टैंक के 01 लाख रुपये, मुख्य क्रिकेट मैदान का समतलीकरण के लिये 2 लाख 96 हजार रुपये, स्टेडियम के वॉक ट्रेकर पर विद्युत पोल एलईडी लाईट के लिए 8 लाख 92 हजार रुपये के कार्य शामिल है। खेल अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण में स्वीमिंग पुल स्टेडियम के रंग-रोगन आदि का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है, जिसे अतिशीघ्र ही शासन को प्रेषित कर स्वीकृति प्राप्त की जाएगी।

खेल मंत्री उमेश पटेल द्वारा रायगढ़ बोईरदादर स्टेडियम में नियमित कबड्डी खेल के अभ्यास के लिए 300 नग का कबड्डी मैट का एक सेट भी खिलाड़ियों को प्रदाय किया गया है। जिले के ग्रामीण अंचल युवाओं के लिए विकास खण्ड पुसौर रायगढ़ एवं खरसिया में 300 नग का आधुनिक कबड्डी मैट के एक-एक सेट दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही विकासखण्ड रायगढ़ एवं खरसिया के बड़े दरेगांव में युवाओं के लिए स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन बनाए रखने के लिए व्यायाम सामग्री के लिए 2-2 लाख कुल 4 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मौहापाली के सूने मकान में चोरी का 1 आरोपी 12 घंटे के भीतर हुआ गिरफ्तार

**» गिरफ्तार आरोपी से 3 नग गैस सिलिंडर बरामद, फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी**

**» एक माह अंदर में खरसिया पुलिस की 10 चोरियों का खुलासा, 12 आरोपियों से लाखों के माल हुए बरामद**



**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौहापाली के सूने मकान में चोरी करने घुसे आरोपियों में एक आरोपी को चौकी खरसिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, जिससे चोरी की मशरूका 03 नग गैस सिलेंडर की जब्ती की गई है, चोरी में शामिल पांच आरोपी फरार है जिनकी सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

खरसिया पुलिस पिछले 1 माह के अंतराल में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, जिससे चोरी/नकबजनी के दर्ज 10 पंजीबद्ध अपराधों का पटाक्षेप हुआ। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस द्वारा लाखों रुपए की मशरूका की बरामदगी की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा एसडीओपी खरसिया, थाना खरसिया एवं चौकी खरसिया को ग्राम खोरसीपाली में रिटायर्ड टीचर के घर हुई चोरी के माल मुल्जिम की शीघ्र पतासाजी का निर्देश दिया गया है, जिसमें पुलिस सफलता के नजदीक है।

आज दिनांक 04/08/2021 के सुबह चौकी प्रभारी खरसिया को सुबह करीब 6:00 बजे डायल 112 आरक्षक द्वारा मौहापाली सूने मकान में चोरी की घटना की सूचना दिया गया। चौकी प्रभारी तत्काल मौके पर स्टाफ के साथ पहुंचे। खरसिया पुलिस सूचनाकर्ता एवं घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ कर मौहापाली रोड के सीसीटीवी फुटेज चेक कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में जुट गई, इसी बीच मुखबिर सूचना पर मौहापाली के कृष्ण कुमार सोनवानी को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया जिसमें उसने दिनांक 03/08/2021 की रात्रि अपने पांच साथी अर्जुन राजपूत, लाला राजपूत, नीले, बसंत एवं अर्जुन राजपूत का दोस्त के साथ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मौहापाली में एक सूने मकान में से गैस सिलेंडर, कंप्यूटर, सेटअप बॉक्स, वाईफाई, मोबाइल की चोरी करना बताया। आरोपी को बंटवारे में मिले 3 नग गैस सिलेंडर (एक 19 चद्द तथा दो 14चद्द) का मिलना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर तीन नग गैस सिलेंडर की जप्ती चौकी खरसिया द्वारा किया गया है। चौकी प्रभारी नंद किशोर गौतम एवं स्टाफ आज सुबह से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये उनके ?ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस चौकी खरसिया में चोरी की रिपोर्ट नितिन थोरात द्वारा दर्ज कराई है, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि इनकी कंपनी स्रूर्स रेलवे लाइन बिछाने का काम कर रही है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मौहापाली में किराये मकान लेकर कंपनी का ऑफिस बनाये है, जहां चौकीदार व स्टाफ रहते हैं। चौकीदार द्वारा भोर में चोरी की घटना बताने पर उनके द्वारा डायल 112 को सूचना दी गई थी। खरसिया थाने में धारा 457,380 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी कृष्णा कुमार सोनवानी पिता छोटकू लाल उम्र 28 साल निवासी मौहापाली को कल रिमांड पर भेजा जावेगा।

## चिटफंड कंपनी के निवेशकों से मिले 5002 आवेदन

**» निवेशकों से 6 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र में मंगाए गए है आवेदन**

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह मंत्रालय से जारी निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भीम सिंह द्वारा जिले में चिटफंड कंपनियों के निवेशकों से निर्धारित प्रपत्र में 2 से 6 अगस्त 2021 तक आवेदन मंगाये है। जिसके तहत आज दिनांक तक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 5002 आवेदन प्राप्त हुए है। जिनमें नगरीय क्षेत्र अंतर्गत धरमजयगढ़ में 1, किरोड़ीमलनगर में-8, खरसिया-3, सारंगढ़-7, नगर निगम रायगढ़-120 कुल-139 आवेदन मिले है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत वार सारंगढ़ में सांई प्रसाद से 2500, लैलूंगा पीएसीएल से 104, रायगढ़-70, खरसिया से 1510 जिनमें (625-सांईप्रसाद एवं 425-पीएसीएल)से, बरमकेला से 102, घरघोड़ा पल्स से-36, पुसौर पल्स लिमिटेड से 350, तमनार-21 एवं धरमजयगढ़ ग्लोबल से 170 आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भीम सिंह ने इस कार्य को संपादित करने हेतु जिला स्तर पर पर डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ रोहित सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार चिटफंड कंपनी में निवेश करने वाले निवेशक 6 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र में सभी आवश्यक जानकारियों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सरिया में 20 लीटर महुआ शराब व जूटमिल में 96 पाव देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा आज दिनांक 04/08/2021 को केनाभाठा पहाड जंगल की ओर से दादरपाली होकर साल्हेओना महुआ शराब बिक्री के लिये पैदल लेकर आ रहे आरोपी यादराम अडिल पिता समेलाल अडिल, उम्र 20 वर्ष सा0 साल्हेओना, थाना सरिया को मुखबिर सूचना पर पकड़ा गया है। आरोपी के पास रखे हुये दो थैलों में 10-10 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ है। आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है।



आज दोपहर जूटमिल पुलिस की पेट्रालिंग पार्टी द्वारा मुखबिर सूचना पर एक व्यक्ति को बोरी के अंदर कार्टून में शराब लेकर ऑटो का इंतजार करते हुये ट्रांसपोर्ट नगर चौक के पास पकड़े। चौकी प्रभारी जूटमिल गिरधारी साव को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया था कि एक व्यक्ति देशी प्लेन शराब लेकर अवैध बिक्री करने के लिये लेकर जा रहा है, जिस पर कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी पूछताछ में अपना नाम राहूल ओग्रे पिता माधो ओग्रे उम्र 35 साल साकिन गढउमरियां चौकी जूटमिल रायगढ बताया जिसके पास से 180 एमएल वाली कांच की शीशी में भरी 96 नग देशी प्लेन शराब कीमती 8,800/- रूपये का बरामद हुआ है। आरोपी पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में जूटमिल प्रभारी गिरधारी साव, प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय, आरक्षक सत्या यादव, बनारसी सिदार, महिला आरक्षक अनिता बेक की अहम भूमिका थी।

## ओवर लोड एवं बिना पीयूसी वाले गाड़ियों पर लगातार कार्यवाही रखे जारी-कलेक्टर सिंह

**» पर्यावरण, खनिज, उद्योग, आबकारी, नापतौल एवं जिला परिवहन विभाग की ली संयुक्त बैठक**



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने पर्यावरण, खनिज, उद्योग, आबकारी, नापतौल एवं जिला परिवहन विभाग की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने माल वाहक गाड़ियों के आवाजाही के समय वाहनों के पीछे तिरपाल से ढ़कने एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने के लिए पर्यावरण विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने परिवहन विभाग को ओवर लोड एवं बिना पीयूसी वाले गाड़ियों पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही रेत, मुरूम, कोयला आदि खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को भी तिरपाल से ढकने के निर्देश दिए। वाहन मालिक एवं चालकों के द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने उद्योग विभाग की योजनाओं के प्रगति के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने विभाग के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सिंह ने जिले में स्थित रेत खदानों की संख्या एवं नए प्रस्तावित रेत खदान शुरू करने की प्रक्रिया के संबध में जानकारी ली। उन्होंने खदानों में उपयोग होने वाली मशीनों को बारिश के बाद चेक करने और कार्यवाही के निर्देश खनिज विभाग को दिये। कलेक्टर सिंह ने आबकारी विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को जिले में अवैध मदिरा की बिक्री, परिवहन करने वाले लोगों पर सतत् निगरानी के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी सुमित अग्रवाल, आबकारी अधिकारी प्रकाश पाल, मुख्य महाप्रबंधक जिला उद्योग के.एल.उइके, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी शीतेष कुमार वर्मा तथा संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**एयर क्वालिटी डिस्प्ले के सर्वर रूम का काम जल्द पूर्ण करने के निर्देश-** कलेक्टर सिंह के निर्देश पर शहर में वायु प्रदूषण की मॉनिटरिंग के लिए डिस्प्ले लगाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इस कार्य के प्रगति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि डिस्प्ले बोर्ड का इंस्टालेशन किया जा चुका है। लाइव रिपोर्टिंग के लिए सर्वर रूम तैयार किया जा रहा है। जिसका काम लगभग एक माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिंह ने उद्योगों से निकलने वाले फ्लाई ऐश डंपिंग की जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने गठित समिति के द्वारा फ्लाई ऐश के डंपिंग हेतु बंद पड़ी माईन्स के साथ अन्य उचित स्थानों को चिन्हांकित करने के निर्देश उन्होंने दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480